## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 13.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **हाईकोर्ट ने बालू लीज प्रक्रिया पर लगी रोक हटाई, राज्य में कैटेगरी–2 बालू घाटों की निलामी और आवंटन का रास्ता साफ।**
2. **राज्यपाल संतोश गंगवार ने राज्य में नगर निकाय चुनाव कराने के प्रस्ताव को दी मंजूरी, प्रशासनिक तैयारियां तेज।**
3. **निपाह वायरस को लेकर झारखंड में भी बढ़ी सतकर्ता, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को हाई अलर्ट पर रहने का दिया निर्देश।**
4. **झारखंड राज्य के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी, निर्विरोध नए अध्यक्ष चुने गए आदित्य साहू, औपचारिक घोषणा कल।**
5. **राज्य में अगले दो दिनों तक जारी रहेगा शीतलहरी का प्रकोप, मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित मध्य पूर्व इलाकों में शीतलहरी का यलो अलर्ट किया जारी।**
6.

**और अब समाचार विस्तार से**

****************

झारखंड में बालू घाटों की नीलामी और आवंटन का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड उच्च न्यायालय में पेसा कानून लागू नहीं किए जाने को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने बालू घाटों के अलॉटमेंट पर लगी रोक हटा दी। उच्च न्यायालय के इस आदेश के साथ ही राज्य में बालू घाटों की नीलामी के उपरांत उनके आवंटन का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

****************

धनबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा दायर याचिका में सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने एआईसीटीई और जेयूटी पर छात्रों को फंसाने के गंभीर आरोप के मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया है. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की खंडपीठ ने इस मामले में भ्रष्टाचार का संकेत जताया है. आरोप के अनुसार संस्थान को 30 अप्रैल 2025 को 2025–26 के शैक्षणिक सत्र के लिए मान्यता दी, लेकिन सीबीआई ने छात्रों को परीक्षा में बैठने से रोक दिया है।

****************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने राज्य में नगर निकाय चुनाव कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी है। बता दें कि राज्य के 48 नगर निकायों में 2020 से चुनाव लंबित हैं, जिनमें 9 निगम, 20 परिषद और 19 पंचायत शामिल हैं। कोरोना, ओबीसी आरक्षण और ट्रिपल टेस्ट जैसी प्रक्रियागत बाधाओं के कारण विलंब हुआ था, जिसके बाद हाईकोर्ट ने 31 मार्च से पहले चुनाव कराने का आदेश दिया है।

****************

रांची लोक भवन में आयोजित टुसू महोत्सव के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व लोक–परंपराओं, सामूहिक श्रम–संस्कृति और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि टुसू पर्व झारखण्ड की लोक–चेतना का प्रतिनिधित्व करता है और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए सामाजिक समरसता और सौहार्द को मजबूत करता है।

****************

पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस से दो लोगों की मृत्यु के बाद झारखंड में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी जिलों में सख्त निगरानी, त्वरित रिपोर्टिंग व्यवस्था, और जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने को भी कहा है। निपाह वायरस के प्रमुख लक्षणों में शुरुआती बुखार, सिरदर्द, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, तेज सिरदर्द, ब्रेन अटैक, मानसिक सूजन तथा कोमा जैसी गंभीर स्थितियाँ शामिल है।

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का प्रदेश अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। आदित्य साहू के नाम की औपचारिक घोषणा कल होगी। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराने रांची पहुंचे चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने बताया कि सिर्फ आदित्य साहू ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इस तरह से चुनावी प्रक्रिया को देखे तो आदित्य साहू निर्विरोध रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने वाले हैं।

****************

रांची के धुर्वा स्थित मौसीबाड़ी से लापता हुए दो बच्चे अंश और अंशिका के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई की ओर से आज रांची में एसएसपी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। मौके पर पार्टी विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू समेत पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ताओं ने लापता हुए दोनों बच्चों के सकुशल वापसी के लिए प्रशासन के समक्ष दबाव बनाया। इस मौके पर नेताओं ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया।

****************

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो आज खूंटी के चलागी में दिवंगत पड़हा राजा सोमा मुंडा के परिजनों से मिले और तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुदेश महतो ने कहा कि सोमा मुंडा सामाजिक परंपराओं को आगे बढ़ाने वाले नेता थे। श्री महतो ने हत्या के आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

****************

दुमका जिले के गोपीकांदर अंचल के ओडमो गांव में अवैध तरीके से संचालित कोयला खदानों में डोजरिंग की गयी। काठीकुंड रेंज के रेंजर एल आर रवि ने बताया कि तीन जेसीबी मशीनों से दो खदानों को पूरी तरह मिट्टी भरकर बंद किया गया।

****************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- मनरेगा योजनाओं में गंभीर अनियमितताओं के मामले में सिमडेगा उपायुक्त के आदेश पर बानो प्रखंड में ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर चारू प्रसाद मांझी औरं ग्राम रोजगार सेवक केदार नाग की संविदा रद्द कर दिया गया है।
- हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग और पुलिस की टीम ने 10 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट किया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने जानकारी दी।
- पलामू–गढवा और उत्तर प्रदेश के कई घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाली महिला समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।
- पलामू जिले के चैनपुर–नावाडीह–रमकंडा मुख्य मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

****************

राज्य के कई जिलों में अभी भी शीतलहर चल रही है, जबकि कुछ इलाकों में दिन में गर्मी का एहसास होने लगा है। राज्य में बुधवार और गुरुवार को मध्यवर्ती उत्तर पश्चिम और राज्य के दक्षिणी जिलों में कहीं–कहीं शीत लहर चलने की संभावना है। इन जिलों में शीतलहर को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

****************

रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में चल रहे हॉकी इंडिया लीग मेंस में आज श्राची बंगाल टाइगर्स का मुकाबला अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा।

*****************